# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 83/2024**

## प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2024–2026 में नामांकन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के लिये ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 46/2024 एवं पी0आर0 75/2024 के क्रम में प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 हेतु सही एवं पूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, उनका डमी प्रवेश पत्र समिति की वेबसाईट **https://www.deledbihar.com** पर **दिनांक 22.02.2024 से 26.02.2024 तक** अपलोड रहेगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित एक–एक विवरण को सावधानी से जाँच कर लें। इस क्रम में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित होती है तो वे उक्त अवधि में त्रुटि सुधार अवश्य कर लें।

2. डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरण में सुधार के क्रम में जिन अभ्यर्थियों के कोटि में परिवर्तन होता है तो उन्हें परिवर्तित कोटि के लिए निर्धारित शुल्क की राशि का भुगतान करना होगा, अर्थात् एस0सी0/एस0टी0/दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थी कोटि सुधारोपरांत अन्य कोटि में चले जाते हैं तो उन्हें उस कोटि के लिये निर्धारित शुल्क की अन्तर राशि रु0 200/– ऑनलाईन विधि से **दिनांक 26.02.2024 तक** जमा करना होगा, अन्यथा मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा।
3. **दिनांक 26.02.2024 के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।**
4. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 46/2024 के अन्तर्गत प्रकाशित शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner